**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम मंगलवार के लिए डा0 मानसिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर-**

| प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|
| 10 (क) क्या व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद कौशाम्बी एवं हमीरपुर में उक्त विभाग के अन्तर्गत क्या - क्या कार्य किये गये है? | | जी हॉ। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी एवं हमीरपुर में कराये गये कार्यो का विवरण संलग्नक-1 के रूप में संलग्न है। |
| (ख) उक्त किये गये कार्यो का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | | जी हॉ। विवरण उपरोक्तानुसार । |
| (ग)यदि नही, तो क्यों? | | प्रश्न नही उठता। |

**संलग्नक:यथोक्त।**

**( कपिल देव अग्रवाल)**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),
व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास
विभाग।

**<u>संलग्नक-1</u>**

**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम मंगलवार के लिए डा0 मानसिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-10 के उत्तर का संलग्नक**

---

(1) उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के 14-35 आयु वर्ग के अल्प शिक्षित व अशिक्षित युवाओं को नि:शुल्क रोजगार व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर सेवायोजन के अवसर उपलब्ध कराये जाते है। वर्ष 2013-14 से वर्ष 2021-22 तक जनपद कौशाम्बी व हमीरपुर में क्रमश: 13823 व 7708 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा 2127 व 1228 युवाओं को सेवायोजन /स्वरोजगार उपलब्ध कराया गया है।

(2) जनपद कौशाम्बी में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिराथू कौशाम्बी एवं, मंझनपुर कौशाम्बी की स्थापना की गयी है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिराथू कौशाम्बी में प्रशिक्षण हेतु कुल 13 व्यवसाय स्वीकृत है। संस्थान की कुल प्रवेश क्षमता- 464 है।

(3) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मंझनपुर कौशाम्बी में प्रशिक्षण हेतु कुल 12 व्यवसाय स्वीकृत है। संस्थान की कुल प्रवेश क्षमता- 376 है। जनपद कौशाम्बी में विभाग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सेवायोजित करने हेतु इस वित्तीय वर्ष में अभी तक कुल 09 रोजगार मेला आयोजित हो चुके है जिसके सापेक्ष संस्थान ने कुल 202 प्रशिक्षार्थी सेवायोजित हेतु चयनित हुये है।

(4) शिशिक्षु प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा अभी तक 49 प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न अधिष्ठानों में शिशिक्षु प्रशिक्षण हेतु सेवायोजित किया जा चुका है।

(5) जनपद कौशाम्बी में माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चायल कौशाम्बी का भवन निर्माणाधीन है।

(6) जनपद हमीरपुर में विभाग द्वारा कुल चार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित है, जो निम्नवत् है:-

1- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सरीला हमीरपुर ।

2- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मौदहा कस्बा हमीरपुर ।

3- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भरूआ सुमेरपुर हमीरपुर ।

4- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राठ हमीरपुर ।

(7) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सरीला हमीरपुर में प्रशिक्षण हेतु कुल 10 व्यवसाय स्वीकृत है। संस्थान की कुल प्रवेश क्षमता 332 है।

(8) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मौदहा कस्बा हमीरपुर में प्रशिक्षण हेतु कुल 12 व्यवसाय स्वीकृत है। संस्थान की कुल प्रवेश क्षमता 396 है।

(9) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भरूआ सुमेरपुर हमीरपुर में प्रशिक्षण हेतु कुल 12 व्यवसाय स्वीकृत है। संस्थान की कुल प्रवेश क्षमता 372 है।

(10) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राठ हमीरपुर में प्रशिक्षण हेतु कुल 14 व्यवसाय स्वीकृत है। संस्थान की कुल प्रवेश क्षमता 412 है।

**(11)** जनपद हमीरपुर में वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 16 कैम्पस प्लेसमेंट/ रोजगार मेला आयोजित किये जा चुके है जिसके सापेक्ष 284 प्रशिक्षार्थी सेवायोजित हेतु चयनित हुए है। शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत अब तक कुल 35 प्रशिक्षणार्थियों को अप्रेन्टिस हेतु विभिन्न अधिष्ठानों में सेवायोजित कराया जा चुका है।

---------